महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
ज्ञान शांति मैत्री
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252551 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

---

# ‘शोध प्रविधि एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग’ पर पांच दिवसीय कार्यशाला 14 से

## विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र का आयोजन

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र की ओर से 14 से 18 अक्टूबर 2011 तक शोध प्रविधि एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग विषय पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में शोध क्षेत्र के विश्वस्तरीय विद्वान भारतीय जनसंचार संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो.जे.एस.यादव, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. हरिकेश सिंह, जे.एन.यू. के प्रो. आर.के. जैन, प्रो. शोभिता जैन, डॉ.बी. आर. पाटिल इत्यादि सामाजिक विज्ञान शोध की वर्तमान प्रवृत्तियां एवं भविष्य की चुनौतियां विषय पर अपना वक्तव्य देंगे।

साथ ही, शोध में प्रयुक्त होने वाले कम्प्यूटर के विभिन्न साफ्टवेयरों की व्यावहारिक कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण भी संबंधित विशेषज्ञों डॉ. अजय प्रताप सिंह, डॉ.डी.सी. साहू इत्यादि द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला का उद्‌घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय द्वारा 14 अक्टूबर को प्रातः 11.00 बजे विश्वविद्यालय के हबीब तनवीर सभागार में किया जाएगा। इस कार्यशाला का निर्देशन विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अनिल के. राय ‘अंकित’ कर रहे हैं।

कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रो. अनिल के. राय ‘अंकित’ ने कहा कि यह कार्यशाला शोध से जुड़े शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए अपने कौशल बढ़ाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि हिंदी विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा और अकादमिक शोध की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये है और इस कार्यशाला का आयोजन इस कड़ी में सकारात्मक पहल है। इससे न सिर्फ शोध और उसके विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश पड़ेगा बल्कि कम्प्यूटर और शोध के अनेक साफ्टवेयरों की कार्य पद्वति तथा उसके उपयोग की विधि में भी सहभागी दक्ष हो सकेंगे।

बी एस मिरगे

जनसंपर्क अधिकारी